भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1729
दिनांक 03 अगस्त, 2026

इथेनॉल का उत्पादन, खरीद और मूल्य-निर्धारण

1729 **श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) वर्ष 2020 से अब तक फीडस्टॉक-वार तथा वर्ष-वार उत्पादित इथेनॉल की मात्रा का ब्यौरा क्या है, जिसमें विशेष रूप से गन्ने के रस, बी/सी-भारी शीरे, मक्का, चावल तथा अन्य फीडस्टॉक से उत्पादित इथेनॉल शामिल हैं;
(ख) इस अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) तथा निजी संस्थाओं द्वारा खरीदे गए इथेनॉल की कंपनी-वार तथा वर्ष-वार मात्रा का ब्यौरा क्या है;
(ग) अनुमानित उत्पादन लागत और ओएमसी द्वारा भुगतान की गई वास्तविक कीमत सहित सरकार ने प्रत्येक फीडस्टॉक श्रेणी के लिए वर्ष-वार क्या खरीद कीमत तय की है; और
(घ) उक्त अवधि के दौरान इथेनॉल की खरीद पर ओएमसी द्वारा कंपनी-वार एवं वर्ष-वार कुल कितना व्यय किया गया है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख): भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने उद्योग-आधारित सूचना के अनुसार अवगत कराया है कि वर्ष 2020 से अब तक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) को डिस्टिलरियों द्वारा फीडस्टॉक-वार तथा वर्ष-वार उत्पादित एवं आपूर्ति की गई एथेनॉल की मात्रा का विवरण निम्नानुसार है:

सभी आंकड़े इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के लिए और करोड़ लीटर में हैं।

फ़ीडस्टॉक	ईएसवाई20-21 (दिसंबर-नवंबर)	ईएसवाई21-22 (दिसंबर-नवंबर)	ईएसवाई22-23 (दिसंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई23-24 (नवंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई24-25 (नवंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई25-26 30.06.26 (तक)
गन्ने का रस/चीनी/चीनी का सिरप	38.16	84.98	128.35	65.51	165.31	143.95
बी- हेवी मोलासेस	178.67	253.34	235.33	149.10	138.81	81.88
सी- हेवी मोलासेस	38.07	10.21	5.61	57.79	16.90	11.80
खराब अनाज	38.46	23.49	31.90	116.56	80.48	44.98
एफसीआई का अतिरिक्त चावल	2.19	46.72	73.71	0.13	140.09	176.77
मक्का	0.00	0.00	31.51	289.91	498.49	257.91
कुल प्राप्ति (करोड़ लीटर)	295.55	418.74	506.41	679.00	1040.08	717.29

2020 से निजी ओएमसी द्वारा खरीदे गए इथेनॉल का वर्ष-वार मात्रा निम्नानुसार है:

सभी आंकड़े करोड़ लीटर में

निजी ओएमसी	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (जून 2026 तक)

रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड*	2.58	5.08	9.14	14.21	20.83	36.34
शेल इंडिया लिमिटेड#	0.01	0.54	1.67	1.66	1.39	1.62
नायारा एनर्जी लिमिटेड#	10.20	16.63	24.73	35.80	49.07	36.50

*आंकड़े वित्तीय वर्ष के लिए हैं
#आंकड़े ईएसवाईके लिए हैं

(ग): सरकार द्वारा गन्ना-आधारित फीडस्टॉक से उत्पादित एथेनॉल का मूल्य निर्धारित किया जाता है, जबकि अनाज-आधारित फीडस्टॉक से उत्पादित एथेनॉल का मूल्य सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा निर्धारित किया जाता है। सरकार का निरंतर प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि एथेनॉल का मूल्य जीवाश्म ईंधनों के मूल्य की तुलना में प्रतिस्पर्धी बनी रहें। एथेनॉल मिश्रित पेट्रोलकार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियोंद्वारा वर्ष-वार क्रय किए गए एथेनॉल की खरीद मूल्य निम्नानुसार है:

इंसेंटिव सहित एक्स-मिल मूल्य (रुपये प्रति लीटर में) (जीएसटी और परिवहन को छोड़कर)

फीडस्टॉक	ईएसवाई20-21 (दिसंबर-नवंबर)	ईएसवाई21-22 (दिसंबर-नवंबर)	ईएसवाई22-23 (दिसंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई23-24 (नवंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई24-25 (नवंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई25-26 (30.06.26 तक)
गन्ने का रस/चीनी/चीनी का सिरप	62.65	63.45	65.61	65.61	65.61	65.61
बी- हेवी मोलासेस	57.61	59.08	60.73	60.73	60.73	60.73
सी- हेवी मोलासेस	45.69	46.66	49.41	56.28	57.97	57.97
खराब अनाज	51.55	52.92	55.54	64.00	64.00	64.00
एफसीआई का अतिरिक्त चावल	56.87	56.87	58.50	58.50	58.50	60.32
मक्का	-	-	56.35	71.86	71.86	71.86

(घ): ईएसवाई 2020-21 से ईएसवाई 2025-26 (दिनांक 30.06.2026 तक) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा एथेनॉल की खरीद पर किए गए कुल वर्ष-वार व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

सभी आंकड़े करोड़ रुपये में

ओएमसी	ईएसवाई 20-21 (दिसंबर-नवंबर)	ईएसवाई21-22 (दिसंबर-नवंबर)	ईएसवाई22-23 (दिसंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई23-24 (नवंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई24-25 (नवंबर-अक्तूबर)	ईएसवाई25-26 (30.06.26 तक)
बीपीसीएल	5149	8198	9941	14428	21889	14190
एचपीसीएल	5170	6925	8982	12881	20132	13000
आईओसीएल	7386	11289	15402	21107	31983	22387
कुल	17705	26412	34325	48416	74004	49577

स्रोत: पीएसयू ओएमसी

*****